# आठ माह से वेतन न मिलने पर हड़ताल

- जिला अस्पताल गुना में सफाईकर्मी, वार्ड बॉय और कंप्यूटर ऑपरेटर नाराज



**गुना, 26 जुलाई. जिला अस्पताल गुना में लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से नाराज़ 56 सफाईकर्मी, 15 वार्ड बॉय और तीन कंप्यूटर ऑपरेटर शनिवार को काम छोड़कर हड़ताल पर बैठ गए. इन कर्मचारियों को पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है.**

इस मुद्दे को लेकर शनिवार को कर्मचारियों और सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच बैठक हुई, जिसमें सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि सोमवार तक सभी कर्मचारियों को लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा. इस आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी और पुनः काम पर लौट आए. हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी दिखाई दी. सफाईकर्मियों का कहना था कि आठ महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें अपने घर चलाने में बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. कई कर्मचारी कर्ज में डूब गए हैं, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्च भी प्रभावित हो रहे हैं. वार्ड बॉय और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी यही बात दोहराते हुए कहा कि उनका धैर्य अब जवाब दे चुका है. वेतन न मिलने के कारण उनका मानसिक तनाव भी बढ़ गया है.

> कृष्णा सिक्योरिटी के सुपरवाइजर के अनुसार 56 सफाई कर्मचारियों को हर महीने लगभग 8.5 लाख रुपये वेतन मिलना है, यानी आठ माह का कुल बकाया 68 लाख रुपये है. इसी तरह 15 वार्ड बॉय को प्रति माह 1,24,000 रुपये के हिसाब से कुल 9 लाख 52 हजार रुपये का भुगतान बाकी है.



## नर्मदा उफान पर होने से बरगी के 15 गेट खुले

**जबलपुर, 26 जुलाई. रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने अब 15 गेट खोले गए. इसके पहले 5 और फिर 2 गेट खोले गए थे. वहीं सुबह से बारिश की झड़ी लगी हुई है.**

बरगी बांध कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह गौंड ने बताया कि बरगी बांध के ऊपरी क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण जल स्तर 419 मीटर रिकार्ड किया गया था वर्तमान में बांध में पानी की आवक 2400 क्यूसेक है. मौसम विभाग की चेतावनी तथा बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरन्तर वर्षा से बांध में जल की आवक को देखते हुए बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए आज दोपहर 01.00 बजे जल की निकसी को 1140 क्यूसेक से बढाकर 3177 क्यूसेक किया गया. अब 15 जल द्वार 1.56 मीटर औसत ऊचाई पर खुले रहेंगे. जिससे नर्मदा के घाटों पर 8 से 10 फीट पानी की बढोत्तरी होगी.

## एक नजर में

### चाली राजा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पन्ना.** शनिवार को पवई के बीचो-बीच स्थित टोरिया में मंदिर के सामने पेड़ से तौलिया के सहारे फांसी लगाकर 32 वर्षीय युवक के द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि चाली राजा पिता नागेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी कोनी द्वारा बीती रात्रि तौलिया से पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुबह जब मंदिर के पुजारी रोज की तरह पूजा करने के लिए पहुंचे उन्होंने युवक को पेड़ से लटके देखा, उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी.

### आधार कार्ड सुधरवाने गए युवक की हादसे में मौत

**छिंदवाड़ा.** चौरई थाना अंतर्गत ढुटमर माल के रहने वाले युवक की शनिवार को सडक़ हादसे में मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है. जानकारी अनुसार सतीश पिता बालकराम डेहरिया घुटमर माल गांव का रहने वाला है. वह आधारकार्ड के काम से चौरई आया था. काम करने के बाद वह अपने गांव वापस लौट रहा था. इस दौरान आमाझिरी के समीप किसी अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी. इस घटना में उसकी मौत हो गई. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### प्रमोद पावन आत्महत्या मामले में जांच तेज

**दतिया.** दतिया जिले के गोदन थाने के एएसआई प्रमोद पावन की आत्महत्या मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है. अजाक डीएसपी उमेश गर्ग की टीम थाने के स्टाफ और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है. जांच में सामने आया कि मृतक एएसआई और थाना प्रभारी अरविंद भदौरिया के बीच पुराना विवाद था. प्रमोद 1996 में पुलिस में भर्ती हुए थे और भदौरिया 1998 में. लेकिन भदौरिया प्रमोशन पाकर सब इंस्पेक्टर बन गए, जबकि प्रमोद प्रमोद एएसआई ही रहे. माना जा रहा है कि जूनियर के अंडर काम करने से प्रमोद तनाव में थे. एएसआई ने आत्महत्या से पहले तीन वीडियो बनाए थे.

### चोरी के मामले में दो युवक, दो नाबालिग धराए

**छिंदवाड़ा.** दो युवकों को महंगे मोबाइल और महंगी बाइक का शौक इस कदर हो गया कि दोनों युवक चोरी करने की राह पर निकल पड़े. चोरी के मामले में पुलिस ने दोनों युवकों के साथ अन्य दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी, जेबर और बाइक सहित अन्य 6 लाख 13 हजार 750 रूपए का मशरूका जब्त किए है. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामधन पिता स्व. गामाजी डोंगरे उम्र 55 साल निवासी तिनकुही थाना मोहखेड ने 16 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी ने इसके मकान का ताला तोडकर घर की आलमारी से सोने एवं चांदी के जेवर कीमत करीब 4 लाख 50 हजार की चोरी कर ले गया.

## मां का इलाज कराने गए पुत्र से 50 हजार रुपए की लूट

**ग्वालियर.** मां का इलाज कराने आए पुत्र के साथ 1000 बेड अस्पताल के पास 50,000 रुपए की लूट हो गई. सीसीटीवी फुटेज दिखाने के बाद भी, पुलिस थाने में रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है. पीड़ित अंकित यादव अपनी मां का इलाज कराने के लिए ग्वालियर में हजार बेड के अस्पताल पहुंचे, अस्पताल परिसर के पास वह फल और जूस एक ठेले से ले रहे थे कि इतने में कुछ अज्ञात बाइक सवार उनकी जेब से 50,000 रुपए लूट कर ले गए. उन्होंने उपरोक्त घटनाक्रम की शिकायत एवं जानकारी स्थानीय थाने में दी, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखे किंतु रिपोर्ट दर्ज नहीं की.

## दहेज मांगने पर पिलाया जहर

### शादी में दिए थे 14.50 लाख कैश

**ग्वालियर-भिंड.** दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा नवविवाहिता के साथ बर्बरता किए जाने का मामला सामने आया है जबकि मायके पक्ष ने शादी में 14.50 लाख रुपए कैश दिए थे, उसके बावजूद बुलेट नहीं लाने पर सास ने उसे कोल्ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया. जिससे अब वह जीवन- मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही है. घटना महाराजपुरा थाना इलाके की है, जिसमें पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सास- ससुर व ननद को आरोपी बनाते हुए एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है.भिंड जिले के देहात थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दबोहा निवासी सतीश शर्मा ने ग्वालियर के महाराजपुरा थाने में शिकायत की है कि उन्होंने अपनी 24 वर्षीय बिटिया सोनाली का विवाह 18 फरवरी 2024 को डीडी नगर स्थित भगवान सिंह नगर में रहने वाले राजेश शर्मा के बेटे आदित्य शर्मा के साथ किया था. शादी में अपनी क्षमता के अनुसार 14.50 लाख रुपए कैश सहित गृहस्थी का अन्य सामान दिया था. शादी के 6- 7 माह बाद बिटिया जब ससुराल से हमारे यहां आई, तो उसने बताया कि ससुराल में मेरी सास अनीता शर्मा, ससुर राजेश शर्मा, पति आदित्य शर्मा एवं ननद सपना द्वारा मुझसे दहेज में बुलेट लाने की डिमांड करते हैं. मैंने जब उन्हें मना किया, तो वह मेरे साथ मारपीट करने लगे.

## खाकी वर्दी में छिपा नशे का सौदागर! निलंबित

### ड्यूटी के दौरान 30 किलो डोडाचूरा तस्करी करते रंगे हाथ पकड़ा गया आरक्षक

**पिपलियामण्डी, 26 जुलाई. जहां एक ओर सरकार और प्रशासन नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के दावे कर रहे हैं, वहीं उसी तंत्र का एक प्रहरी ही नशे की तस्करी में लिप्त पाया गया है. नारायणगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा चौकी पुलिस ने शनिवार देर रात एक आरक्षक को 30 किलो डोडाचूरा के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी राजेंद्र सिंह सौंधिया ( 35 वर्ष ), निवासी भांगी पिपलिया, वर्तमान में नीमच पुलिस लाइन में पदस्थ था.**



बूढ़ा चौकी प्रभारी शुभम व्यास को लंबे समय से संदिग्ध कार की सूचना मिल रही थी. मुखबिर की जानकारी पर शनिवार रात करीब 2 बजे बूढ़ा-मुंजाखेड़ी मार्ग पर नाकाबंदी की गई. इसी दौरान कार क्रमांक एमपी 44 सीसी 5597 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 30 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ. कार में आरोपी के साथ उसका चचेरा भाई भगत सिंह सौंधिया, निवासी चौथखेड़ी भी मौजूद था.

एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेंद्र सोलंकी ने बताया कि मामला गंभीर है और जांच की जा रही है कि कहीं इसके पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है. नीमच एसपी अंकित जायसवाल ने आरोपी आरक्षक को तत्काल निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी. आरक्षक राजेंद्र सिंह का पूर्व विभागीय रिकॉर्ड भी दागदार रहा है.

> **दो दिन की पुलिस रिमांड**
> टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया कि आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है. पूछताछ में यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि डोडाचूरा कहां से लाया गया और इसकी आपूर्ति कहां होनी थी.

> राजेंद्र सिंह तीन दिन से बिना सूचना के ड्यूटी से गायब था. जानकारी के अनुसार वह जिला अस्पताल नीमच की चौकी गार्ड ड्यूटी पर तैनात था. सूत्रों के अनुसार, तस्करी के समय वह वर्दी में था, जिससे संदेह और भी गहरा गया है. हालांकि पुलिस ने वर्दी पहनने की पुष्टि नहीं की है.

## मौत का कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

**सिंगरौली 25 जुलाई. शनिवार सुबह मोरवा थाना क्षेत्र के गोरबी चौकी अंतर्गत ग्राम बरमानी के एक खेत में एक 43 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.**

मृतक की पहचान बरमानी निवासी शिवप्रसाद कोल पिता रामखेलावन कोल के तौर पर हुई है. उसके परिजनों ने इसकी सूचना गोरबी चौकी में दी.

इसके बाद मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह एवं गोरबी चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह सदलबल मौके पर पहुँच जांच में जुट गए. मृतक के बड़े भाई श्यामबिहारी कोल ने पुलिस को अपनी तहरीर में बताया कि बीती रात उसका छोटा भाई शिवप्रसाद करीब 2 बजे तक घर के आंगन में टहल रहा था. इसके बाद सभी सोने चले गए. शनिवार सुबह करीब 6ः30 बजे गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने उसे मृत अवस्था में घर से करीब 25 मीटर दूर खेत में देखा.

इसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया, वहीं अग्रिम जांच में जुट गए हैं. शिवप्रसाद की मौत का कारण अज्ञात होने के कारण निरीक्षक यू पी सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा.

## इंदिरा सागर बांध के आठ गेट सुबह 4 बजे खोले जाएंगे

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदानगर।** इंदिरा सागर बांध के रविवार प्रातः 4 बजे 8 गेट खोले जाएंगे। करीब 1 मीटर तक खोले जा सकते हैं। उपरी क्षेत्रो में हो रही, भारी वर्षा के कारण तवा बांध, बरगी बांध, से करीब 7500 क्यूमेक्स पानी आने की संभावना है।

इसे देखते हुऐ बांध के गेट खोले जाएंगे। शनिवार शाम तक जलस्तर 258.41 मीटर बताया गया है। इसके पष्चात् पानी की आवक का दबाव बढेगा, तो इंदिरा सागर बांध से सोमवार सायं से गेटों की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। या जो गेट खोले जाएंगे उनकी मात्रा भी बढ़ाई जा सकती है।

**निचले स्तर से लोगों को हटाया-** निचले स्तर पर इंदिरा सागर बांध प्रबंधन ने सूचना संबंधित जिला प्रशासन को दे दी है। उपरी क्षेत्र के संबंधित प्रषासन को भी जानकारी दी गइ हैं। बांध प्रबंधन ने सी.आई.एस.एफ को अवगत करा दिया है।

**सावन सोमवार पर सतर्कता-** सावन सोमवार को देखते हुए ओंकारेष्वर में जलस्तर का बहाव सामान्य रहे। इसलिए इंदिरा सागर बांध से भी पानी समय समय पर छोड़ा जाये क्योकि सोमवार 28 जुलाई को भीड़ भाड़ रहती है। ज्ञातव्य है कि सावन के सोमवार के कारण ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में लगभग 2 लाख श्रद्धालु एकत्रित हो रहे हैं ।नर्मदा के तीन तरफ से मंदिर घिरा हुआ है। ऐसी स्थिति में पानी अधिक होने से सावधानी बरतना जरूरी है। इसलिए हर तरह से सभी विभाग ध्यान दे रहे हैं।

**पहले 7 अगस्त को खुले थे गेट**

इंदिरा सागर बांध के पिछले वर्ष 07 अगस्त को गेट खोले गए थे। जिससे 12 गेटो को खोल कर पानी छोड़ा गया था। करीब 2154 क्यूमेक्स पानी बांध से एवं विद्युत ग्रह से 1840 प्लस डीसचाज किंया गया था।

**एक हजार वर्ग किमी वाला इंदिरासागर-** इंदिरासागर बांध की लंबाई 653 मीटर तथा ऊंचाई 92 मीटर है। बांध में कुल 14.00 लाख घनमीटर की कंक्रीटिग की गई है। बांध में 20 मीटर चौड़ाई के 12 मुख्य स्पिलवे ब्लॉक और 8 वैकल्पिक स्पिलवे ब्लाक हैं। जल नियंत्रण के लिए 20 मीटर चौड़े एवं 17 मीटर ऊंचे आकार के 20 रेडियल गेट लगाए गए हैं। विद्युत गृह नदी के दाएं किनारे पर स्थित है.

## 3 बार तलाक कहकर घर से निकाला, मामला दर्ज

**जबलपुर, 26 जुलाई. अधारताल थाना अंतर्गत अम्बेडकर कालोनी में पति ने तीन बार तलाक कहकर पत्नी को घर से निकाल दिया. पीड़िता ने अब रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने पति, सास, ननद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

निशा अंजुम पति नवाजिस रहमान 24 साल निवासी अम्बेडकर कालोनी थाना अधारताल ने लिखित शिकायत की कि उसका विवाह 2023 में मुस्लिम रीति रिवाज से अम्बेडकर कालोनी थाना अधारताल के नवाजिस रहमान के साथ हुआ था, शादी के कुछ दिन बाद से ही पति नवाजिस रहमान सास- शबाना बी, ननद- नूरी द्वारा दहेज को लेकर शारिरीक एवं मानसिक रुप से प्रताडित किया जाता था, 13 जुलाई 2025 को पति नवाजिस रहमान द्वारा हाथ मुक्को से मारपीट कि गई थी 14 जुलाई को रात करीबन 9 बजे पति नवाजिस रहमान द्वारा मुझे तलाक, तलाक, तलाक कहकर घर से निकालने को बोल दिया था, उसी रात वह अपने घर चले गई थी. पति नवाजिस रहमान, सास- शबाना वी, ननद- नूरी के खिलाफ दहेज एक्ट, मुस्लिम का अपराध दर्ज किया है.

## मां और गर्भवती पत्नी पर बेटे ने किया हमला

### मां की मौत, पत्नी गंभीर

**अनूपपुर, 26 जुलाई. जिले के कोतवाली अंतर्गत ग्राम जमुड़ी के खेरवारटोला में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. शराब के नशे में 32 वर्षीय श्यामलाल कोल ने अपनी मां और गर्भवती पत्नी पर बेरहमी से हमला कर दिया. इस हमले में 55 वर्षीय मां नानबाई कोल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 वर्षीय पत्नी सरोज कोल गंभीर रूप से घायल हो गई.**



श्यामलाल और उसकी पत्नी सरोज के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ. विवाद के दौरान जब मां नानबाई ने बीच-बचाव किया तो श्यामलाल ने आपा खो दिया और पटिया से दोनों पर हमला कर दिया. हमले की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. गंभीर रूप से घायल गर्भवती पत्नी सरोज को ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन ने आरोपी श्यामलाल कोल को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया.

> पुलिस ने मृतका का पोस्टमॉर्टम करवाया और थाना कोतवाली अनूपपुर में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ग्रामीणों के अनुसार आरोपी महाराष्ट्र में मजदूरी करता था और पांच दिन पहले ही गांव लौटा था. वह आए दिन पत्नी और मां से विवाद करता था. वर्तमान में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य साक्ष्य एकत्र कर रही है.

## बांदरवाड़ा की पुलिया टूटी, प्रशासन बना हुए बेखबर

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र बांदरवाड़ा का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा

**मंडला, 26 जुलाई. मवई विकासखंड के नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत बांदरवाड़ा की एकमात्र संपर्क पुलिया हाल ही में हुई तेज बारिश में टूट गई, जिससे ग्राम टटमा, मालाझोला और मरगवाड़ा सहित पूरे क्षेत्र का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है.**



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया कई वर्षों से जर्जर हालत में थी. समय-समय पर मरम्मत की मांग की गई, पर प्रशासन ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई. अब पुलिया टूटने से दर्जनों गांवों के हजारों लोग परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और आपातकालीन सेवाओं से पूरी तरह वंचित हो गए हैं. स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि वाहन तो क्या, पैदल निकलना भी जोखिम भरा हो गया है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा.

> इस घटना ने क्षेत्र में विकास योजनाओं की वास्तविकता और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं. ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान करे और पुलिया निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जाए.

**समारोह** — रीवा के मानस भवन में कारगिल विजय दिवस पर आयोजन

## कारगिल विजय दिवस : शहीदों के पराक्रम को नमन

**भोपाल, 26 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम का अमिट प्रतीक है. यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि भारत की ओर आंख उठाने वाले को हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देती है. शुक्ल ने यह विचार रीवा के मानस भवन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित कारगिल विजय दिवस में कही.**



उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हमारे सैनिकों की वीरता और शहादत चिरकाल तक राष्ट्र की स्मृति में बनी रहेगी. उनकी बहादुरी, अदम्य साहस और देशभक्ति का गुणगान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा. उन्होंने कहा कि यह केवल एक युद्ध नहीं था, बल्कि हमारी मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया गया एक पवित्र बलिदान था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वीर नारियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. उन्होंने कहा कि देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के परिवारों का संबल बनना सरकार का कर्तव्य है. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति, वीर सैनिकों के परिजन आदि मौजूद थे.

> शुक्ल ने कहा कि देश की आन-बान-शान को बनाए रखने में विंध्य के सैनिकों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है. विंध्य के हमारे सैनिक सपूत देश की धरोहर हैं. उन्होंने भारत माता की रक्षा के लिए पूरे जोश के साथ अदम्य साहस से देश की रक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि एवं शौर्य सम्मान समारोह में भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया. उप मुख्यमंत्री ने विंध्य के शहीद सैनिकों को नमन किया और कहा कि उनकी शहादत हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी.

## नाबालिग हुई गर्भवती, रिश्तेदार ही निकला बलात्कारी

- जिला चिकित्सालय में इलाज के बाद चला पता
- एसपी अंकित जायसवाल ने किया खुलासा



**नीमच, 26 जुलाई. एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन, एएसपी नवलसिंह सिसौदिया एवं सीएसपी किरण कीरण चौहान के मार्गदर्शन तथा बघाना थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्कार कर गर्भवती करने वाले अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार किया है.**

17 जुलाई को फरियादिया अपनी नाबालिग बेटी को पेट में दर्द होने से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय लेकर आयी जहा पता चला कि, उसकी नाबालिग बेटी करीबन 6 माह के गर्भ से है. फरियादिया द्वारा थाना बघाना पर उपस्थित होकर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज की गई. पुलिस थाना बघाना पर अपराध क्रमांक 237/17 जुलाई धारा 65(1), 332 बीएनएस व 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट का मामला विवेचना में लिया गया.

> एसपी अंकित जायसवाल द्वारा थाना प्रभारी बघाना को नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले अज्ञात आरोपी की पतारसी कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये. प्रकरण में बेसिक पुलिसिंग के माध्यम से पीड़िता एवं पीड़िता के परिवार के सभी सदस्यों से पृथक-पृथक बारिकी से पुछताछ कर आरोपी के बारे में पतारसी की गई. अज्ञात आरोपी के नाम का खुलासा होने पर पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में पीड़िता के मामा के लडक़े को मुखबिर तंत्र एवं तकनिकी विशलेषण के आधार पर गिरफ्तार किया गया है.